सत्यमेव जयते

# भारत के 65वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## माननीय प्रशासक
## दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली

## का
## दमण में
## अभिभाषण

## जनवरी 26, 2014

माननीय सांसद, दमण एवं दीव

अध्यक्ष, दमण जिला पंचायत,

अध्यक्ष, दमण नगरपालिका परिषद,

विकास आयुक्त,

पुलिस महानिरीक्षक,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

संघ प्रदेश दमण एवं दीव के सभी सचिव

समाहर्ता, दमण

मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रैट (वरिष्ठ स्तर)

न्यायिक मैजिस्ट्रैट (प्रथम श्रेणी)

आदरणीय पूर्व सांसदगण श्री डाह्याभाई पटेल, श्री गोपालभाई टंडेल एवं श्री देवजीभाई टंडेल

दमण एवं दीव के स्वतंत्रता सेनानी,

सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण

निर्वाचित प्रतिनिधिगण,

सरकारी अधिकारीगण,

उद्योगपतिगण,

मीडिया के प्रतिनिधिगण,

भाईयों और बहनों एवं प्यारे बच्चों,

1. भारत के 65वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मैं दमण एवं दीव की जनता का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ और उनकी सुख एवं समृद्धि की कामना करता हूँ।

2. लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में, न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं भाईचारे के सिद्धांत हमारे देश की प्रगति के आधार स्तंभ रहे हैं। पिछले 65 वर्षों में हमारी उपलब्धियाँ इन मार्गदर्शी सिद्धांतों की कसौटी पर खरी उतरी हैं।

3. हाल ही में 19 दिसम्बर, 2013 को इस प्रदेश के 53वें मुक्ति दिवस के अवसर पर अपने अभिभाषण में मैंने विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में हुए विकास कार्यों का जिक्र किया था। आज, मैं उसके बाद हुए नये विकास कार्यों और आने वाले वर्षों में किये जाने वाले विकास कार्यों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

**माननीय गृह मंत्री का दौरा:**
**(Visit of Hon'ble Union Home Minister)**

4. हमारा सौभाग्य है कि माननीय गृह मंत्री ने अपने पिछले वर्ष अप्रैल में दमण दौरे के दौरान किये गये वादे के अनुसार पहली बार दिनांक

06 जनवरी 2014 को दीव का दौरा किया। माननीय गृह मंत्री ने दो मुख्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिससे दीव की कई पीढ़ियों को लाभ मिलेगा। इसमें पहली परियोजना लगभग 35 करोड़ रूपये की लागत से तैयार होने वाली Sardar Sarovar Water Supply Canal based Pipeline परियोजना है, जिससे दीव के लोगों को अगले 30 वर्षों तक फायदा मिलेगा। दूसरी परियोजना लगभग 35 करोड़ रूपये की लागत से तैयार होने वाला नया Diu Ghoghla Bridge है, जिससे मौजूदा bridge पर यातायात की समस्या को कम किया जा सकेगा और दीववासियों तथा वहॉ आनेवाले पर्यटकों को एक alternate bridge की सुविधा भी प्राप्त हो सकेगी। माननीय गृहमंत्री ने 4.75 करोड़ रूपये की लागत से तैयार की गई Diu Municipal Council के नये Office Building का भी उद्‌घाटन किया, जो कि दीव में एक महत्वपूर्ण कार्यालय भवन बन गया है। मैं दमण एवं दीव की जनता की ओर से माननीय गृहमंत्री को उनके दीव दौरे के लिए, और निरंतर मार्गदर्शन तथा प्रदेश के विकास कार्यों में उनके सहयोग एवं समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूँ।

आधारभूत संरचना:
**(Infrastructure)**

5. जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, कि अच्छा infrastructure संघ प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के लिए आवश्यक है। केवल उत्तम infrastructure के माध्यम से ही यह संघ प्रदेश लगातार समृद्ध हो सकेगा और एक ऐसे स्थल के रूप में उभरेगा जिससे व्यापार एवं पर्यटक आकर्षित होंगे।

6. हम दमण एवं दीव दोनो जिलों में सार्वजनिक सड़कों की लगातार जॉच कर रहे हैं और हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक सड़क उच्च श्रेणी की हो। प्रशासन इस प्रयास में सभी Local Bodies के सहयोग एवं समर्थन के लिए अनुरोध करता है, जिसके बिना इस काम को पूरा कर पाना संभव नहीं हो सकेगा।

7. दमणगंगा नदी के मुहाने पर नये Cable Stayed Bridge का प्रस्ताव मंजूरी के लिए भारत सरकार के पास भेज दिया गया है। 1 फरवरी तक दीव में तड पर नये bridge के लिए tender जारी करने और 2014 मार्च तक इसका निर्माण कार्य शुरू करने का भी हमारा लक्ष्य है।

8. Diu Municipal Area के लिए 29 करोड़ रूपये की लागत वाली Underground Sewerage System के निर्माण की परियोजना के लिए मंजूरी दे दी गई है। मैं Daman Municipal Council से अनुरोध करता हूँ कि वे मोटी दमण के लिए बहुत दिनों से लंबित Sewerage System का कार्य पूरा करें, जिसकी मंजूरी पहले ही प्राप्त हो चुकी है। अन्य क्षेत्रों के लिए भी Sewerage System के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

9. हमने ग्रामीण एवं नगरपालिका क्षेत्रों के साथ पूरे दमण और दीव जिलों के लिए करीब 35 करोड़ रूपये की लागत से Solid Waste Management Projects के लिए भी मंजूरी दे दी है। हमें विश्वास है कि अच्छे Sewerage Systems और Solid Waste Management Systems से दोनों जिले इन क्षेत्रों में भारत के प्रमुख शहरों की बराबरी कर सकेंगे।

10. पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता दमण एवं दीव की जनता की लगातार मॉग रही है। जैसा कि मैंने कहा, इस महीने की शुरूआत में दीव के लिए महत्वपूर्ण जलापूर्ति परियोजना शुरू की गई है। मधुबन डैम से दमण के डाभेल, दुनेठा और मगरवाडा के water treatment

plants तक पेयजल ले जाने का pipeline कार्य जारी है। कल हमने 17 करोड़ रूपये की लागत से दुनेठा में नये water treatment plant का निर्माण कार्य और 2.4 करोड़ रूपये की लागत से डाभेल में मौजूदा water treatment plant में 40 लाख लीटर की क्षमता वाले Water Sump का निर्माण कार्य शुरू किया है। हमे विश्वास है कि वर्ष 2015 के अंत तक इन परियोजनाओं के पूरे होने से दमण के सभी निवासियों के लिए जल उपलब्धता में व्यापक सुधार होगा।

**स्वास्थ्य:**
**(Health)**

11. आपको यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि सभी BPL और सालाना 1 लाख से कम आय वाले गरीब परिवारों को health cover प्रदान करने वाली Sanjeevani Bima Yojana 19 दिसम्बर 2013 से इस प्रदेश में लागू कर दी गई है। इस स्कीम के तहत दमण एवं दीव दोनों जिलों में परिवारों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। मुझे यह जानकर भी खुशी हो रही है कि 1 लाख और उससे अधिक की सालाना आय वाले परिवार भी इस health cover का लाभ उठाने के लिए इस स्कीम के तहत अपना नामांकन करवा रहे हैं, जो बाजार में

उपलब्ध ऐसे health cover की तुलना में नाममात्र की लागतवाली स्कीम है। इस स्कीम के तहत संघ प्रदेश के शत-प्रतिशत परिवारों के नामांकन का हमारा लक्ष्य है, ताकि हम पूरे देश के लिए एक आदर्श प्रस्तुत कर सकें और पूरा देश इसका अनुकरण करे।

**ऊर्जा:**
**(Power)**

12. हाल ही में मगरवाडा में 40 करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली 220/66KV के Sub Station की स्थापना की परियोजना के लिए भारत सरकार ने मंजूरी दे दी है। यह plant लगभग एक वर्ष में कार्य करना शुरू कर देगा, जो कि इस प्रदेश में लंबे समय के power infrastructure को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह बताते हुए भी मुझे प्रसन्नता हो रही है कि Open Tender Process के बाद हम दीव में 03 MW Solar Power Plant और दमण में 1 MW Solar Power Plant की स्थापना का काम सौंप रहे हैं। ये इस संघ प्रदेश में renewable energy के क्षेत्र में पहली महत्वूपर्ण परियोजनाऐं होंगी। हमारा लक्ष्य दीव जिले की विद्‍युत आवश्यकताओं को renewable energy sources के जरिये ही पूरा करना है।

**मत्स्योद्योग:**
**(Fisheries)**

13. मुझे दीव के कई मछुआरों से उनके बोटों के खो जाने के संबंध में प्रतिवेदन मिले हैं, जिन्हें अक्सर पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा बंधक बना लिया जाता है और इन्हें भारत को कभी वापस नहीं लौटाया जाता। पहले, भारत सरकार की एक योजना थी जिसके तहत ऐसे मामलों में सहायता का प्रावधान था, लेकिन यह योजना अभी उपलब्ध नहीं है। इसलिए हमारा प्रस्ताव है कि हम वित्तीय वर्ष 2014-15 से एक योजना लागू करेंगे जिसके तहत ऐसी घटनाओं में बोट मालिकों को नई बोट खरीदने के लिए Subsidy देने का प्रावधान होगा, ताकि वे अपनी जीविका चला सकें।

**समाज कल्याण:**
**(Social Welfare)**

14. संघ प्रदेश प्रशासन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, OBC तथा अल्प संख्यक छात्रों के लिए scholarships दी जा रही हैं। हमें यह महसूस हो रहा है कि इस योजना के तहत मिलने वाली scholarship दर छात्रों और उनके parents के लिए अपर्याप्त है।

इसीलिए, इन योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को वित्तीय वर्ष 2014-15 से कम-से-कम 1000 रूपये प्रतिमाह कर दिया जाएगा।

15. दमण-दीव की मुक्ति में हमारे स्वतंत्रता सैनानियों ने अमूल्य योगदान दिया। माननीय गृह मंत्री के दीव के दौरे के दौरान कुछ स्वतंत्रता सैनानियों ने उनसे आग्रह किया कि उनकी Monthly pension भारत सरकार से दी जाने वाली स्वतंत्रता सैनानी सम्मान pension की तरह 12,000/- रूपये कर दी जानी चाहिए। स्वतंत्रता सैनानियों की इस आग्रह को मध्यनजर रखते हुए, हम इस pension को 12,000/- रूपये प्रति माह बढ़ाने का प्रस्ताव भारत सरकार की अनुमति के लिए भेज रहे हैं।

**शिक्षा:**
**(Education)**

16. यह बताते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है कि हमारी “UDAAN” Scheme के तहत Class XI और Polytechnic के First Year Students के प्रत्येक छात्र को laptop प्रदान करने की योजना 24 जनवरी 2014 को लागू हो गई है। सभी छात्रों के लिए laptop प्राप्त हो गये हैं और बहुत जल्दी ही इसे छात्रों को प्रदान किया जायेगा। मुझे विश्वास है

कि संघ प्रशासन की इस महत्वपूर्ण पहल से हमारे छात्र higher education की चुनौतियों का सामना करने में समर्थ हो सकेंगे और वे देश के अन्य छात्रों से प्रतिस्पर्धा करने में उत्साहित हो सकेंगे ।

17. मुझे आपको यह बताते हुए भी अपार खुशी हो रही है कि संघ प्रदेश में Class XII की परीक्षाओं और higher secondary विद्यालयों में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए Gyan Gaurav Award Scheme भी 24 जनवरी 2014 को लागू की जा चुकी है। हमने इस Scheme के तहत प्रत्येक Stream में तीन top students को laptop दिये हैं। हमें पूरी आशा है कि इस अच्छी पहल से हमारे बच्चों को, विशेषकर Class XII में पढ़नेवाले बच्चों को, उनकी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने, और हमारे Schools को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

**सरस्वती विद्या योजना**
**(Saraswati Vidya Yojana)**

18. दमण एवं दीव समाज में महिलाओं की स्थित सराहनीय है। फिर भी मैं समझता हूँ कि सभी लड़कियों को comprehensive शिक्षा की opportunity दी जानी आवश्यक है जिससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और प्रदेश के विकास में अपने भागीदारी के स्तर को बढ़ा

सकें। आज, मुझे प्रदेश के सभी छात्राओं के लिए एक नयी महत्वपूर्ण पहल की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जिसे “सरस्वती विद्या योजना” कहा जायेगा और वर्ष 2014-15 में शुरू किया जाएगा।

19. इस योजना के कई पहलु हैं:

**<u>सबसे पहले</u>**, संघ प्रदेश के सभी स्कूलों एवं higher education level के सभी सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में पढ़नेवाली सभी छात्राओं को पूरी तरह से मुफ्त शिक्षा दी जायेगी, चाहे यह school, college, polytechnic, ITI हो या engineering college हो।

**<u>दूसरा</u>,** मुफ्त शिक्षा ही नहीं, सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को Class 9 से college की शिक्षा पूरी करने तक scholarship दी जाएंगी। यह scholarship छात्राओं के academic level के अनुसार स्कूलों के लिए प्रतिमाह 1000 रूपये और 1500 रूपये के बीच होगा और college/polytechnic/ITI के लिए प्रतिमाह 2000 रूपये और 2500 रूपये के बीच होगा। इस scholarship का मुख्य उद्देश्य है कि गरीब परिवार भी अपनी बेटियों को पूरी शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्थ हो जाएं।

**<u>तीसरा,</u>** सभी छात्राओं के परिवारों को Sanjeevani Swasthya Bima Yojana के तहत मुफ्त बीमा दिया जायेगा।

**<u>चौथा,</u>** संघ प्रदेश में graduate professional programmes या courses में पढ़ाई कर रही सभी छात्राओं के tuition fees के reimbursement के लिए पहले से ही एक योजना लागू है। इस योजना के बदले एक बेहतर योजना लागू की जायेगी जिसमें professional courses के अलावा graduate एवं post-graduate programmes के लिए भी छात्राओं को reimbursement दिया जाएगा।

20. आपको मालूम है कि हमने पहले Saraswati Sadhana Yojana के तहत केवल SC/ST छात्राओं को ही मुफ्त bicycles बॉटी थीं जिसे इस वर्ष से सभी छात्राओं तक बढ़ा दिया गया है। इस वजह से कुछ ऐसी छात्राऐं अगले वर्ष 2014-15 में कक्षा 10, 11 एवं 12 में होंगी जिन्हें यह cycle नहीं मिली। इसलिये हम इन बची हुई छात्राओं को मुफ्त cycle देने का प्रावधान कर हैं।

21. “सरस्वती विद्या योजना” का लक्ष्य बहुत ही सरल है। हम यह चाहते हैं कि प्रदेश की प्रत्येक छात्रा न केवल अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करे बल्कि आगे पढ़ाई करते हुए अपनी higher education भी पूरी करे। केवल तभी वे आवश्यक ज्ञान और कौशल हासिल कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी और समाज की प्रगति में समान रूप से भागीदार बनने के लिए आत्मविश्वास प्राप्त कर सकेंगी। मुझे यह लगता है कि अबतक किसी भी राज्य या संघ प्रदेश में सभी बालिकाओं के लिए ऐसी व्यापक पहल लागू नहीं की गई है। Academic Year 2014-15 से इस कार्यक्रम को लागू करने का हमारा प्रस्ताव है। मुझे विश्वास है कि इस महत्वपूर्ण पहल के कारण यह संघ प्रदेश अगले पॉच वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक मापदंडों पर ठोस प्रगति कर सकेगा।

**जागृति**
**(Jagriti):**

22. हमने इस academic year में संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली के सभी upper primary schools में “जागृति” नामक एक अनूठा पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम लागू किया है। इस कार्यक्रम के तहत

प्रत्येक school में Eco Clubs बनाये गये हैं, जिन्हें activity based learning के एक सरल frame work के जरिये पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने की चेष्टा की जा रही है। इस कार्यक्रम को अपार सफलता मिली है और न केवल छात्रों और शिक्षकों ने बल्कि उनके माता-पिता और आम जनता ने भी इसकी भरपूर सराहना की है। इसी कार्यक्रम को academic year 2014-15 से दमण एवं दीव के सभी upper primary schools में भी लागू कर दिया जायेगा।

**प्लास्टिक पर प्रतिबंध**
**(Ban on Plastic):**

23. हम सभी ने ऐसा देखा है कि plastic bags के बड़े स्तर पर प्रयोग और उनके बेतरतीब फेंके जाने की वजह से हमारे प्रदेश की सुन्दरता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पिछले वर्ष प्रदेश में निर्धारित स्थानों, दुकानों आदि पर plastic bags के प्रयोग, बिक्री और storage पर ban लगाये जाने के लिए एक draft notification जारी किया गया था। सुझावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद प्रशासन ने सभी hotels, restaurants, retail और wholesale shops, पर्यटन स्थलों, protected क्षेत्र आदि में सभी प्रकार के plastic bags के प्रयोग, बिक्री

और storage पर ban लगाये जाने के लिए final notification जारी कर दिया है । यह ban 01 मार्च,2014 से लागू होगा। यह प्रदेश में plastic bags के बेतरतीब प्रयोग और disposal तथा पर्यावरण की सुरक्षा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ban को लागू करने के लिए मैं आपके सकारात्मक सहयोग एवं समर्थन की आशा रखता हूँ।

**भूमि अभिलेख:**
**(Land Records)**

24. यह घोषणा करते हुए भी मुझे बेहद खुशी हो रही है कि संघ प्रदेश प्रशासन ने ग्रामीण भूमि रिकार्ड के digitization का कार्य पूरा कर लिया है। Computerized Form I और XIV को इस हफ्ते से जारी किया जायेगा। यह data हमारे website पर भी उपलब्ध होगा जिससे दमण एवं दीव के उन लोगों को बहुत बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा जो लोग किसी अन्य देश में रहते हैं और वे प्रदेश में अपनी जमीन की जानकारी रख पायेंगे। City Survey, दमण के साथ साथ City Survey, दीव के records के digitization का कार्य भी प्रगति पर है और इसे जल्दी ही पूरा कर लिया जायेगा।

**कानून व्यवस्था:**
**(Law and Order)**

25. आपको यह सूचित करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है कि दमण पुलिस द्वारा बिहार पुलिस की मदद से एक अंतर-राज्जीय अपहरण गिरोह का पर्दाफाश किया गया, जिसने सूरत के businessman श्री सोहिल हिंगोरा का अपहरण किया। इसी प्रकार दमण पुलिस ने एक high-profile extortion मामले को आसानी से सुलझाया, जिसमें दमण एवं दीव के कुछ नामी-गिरामी लोग शामिल थे। इन मामलों को सफलता पूर्वक निपटाने के लिए मैं पुलिस विभाग को बधाई देता हूँ।

26. आपको यह बताते हुए मुझे अपार खुशी और गर्व हो रहा है कि इस गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के तीन कर्मियों को राष्ट्रपति पुरस्कार दिया गया है। इनमें पुलिस विभाग की ASI श्रीमती प्रभा ब्रेन्डॉन अजवेडो को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए Police Mertorious Service Medal; Fire Services के Leading Fireman श्री जी. डी. शेख को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए President Fire Service Medal तथा Home Guard श्री महेश बाबू पटेल को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए President Home Guard and Civil Defence Medal से सम्मानित किया गया है। मैं इन सभी कर्मियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

**निष्कर्ष:**
**(Conclusion):**

27. अंत में, मैं दमण एवं दीव के नागरिकों को देश के 65वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं देता हूँ। हालांकि पिछले दशक में हमने काफी कुछ हासिल किया है, पर हमारा लक्ष्य देश में सर्वोत्तम बनने का है। मैंने जिन पहलों की घोषणा की है, वे इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अगला कदम होगा।

28. आज हम उस फलक (launch pad) पर हैं जहॉ हमारे पास पर्याप्त युवा शक्ति और अनुभव का संबल है। इस तिरंगे के उन्मुक्त रूप से लहराने के साथ ही आईए हम अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने का संकल्प लें ताकि एक पूरी तरह से विकसित दमण एवं दीव बनाने का हमारा सपना साकार हो सके। इस सपने को साकार करने और इसके लिए चुनौतियों का सामना करने के लिए आपका सहयोग हमेशा की तरह जरूरी है जिसकी मैं कामना करता हूँ।

29. “बहे जहां सदभाव की नदियां
रहे जहां -नैतिकता की सदियां
सब मन एकता का गीत गाएं
आओ ऐसा संघ प्रदेश बनाएं।“

“जय हिन्द”